<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गृहमंत्री भारत सरकार द्‌वारा देश में पहली एकीकृत ERSS, E-Beatbook व E-Saathi App का उदघाटन

आज से चण्डीगढ में आपातकाल में आम नागरिक को सहायता के लिए अलग-अलग नम्बर याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए नयी सेवा Emergency Response Support System Dial 112 पर सभी तरह की सहायता आम जनता के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसका उद्‌घाटन भारत के माननीय गृहमंत्री श्री अमित भाई शाह ने होटल Hayat Residency, Ph-I, Industrial Area चण्डीगढ में अपने करकमलों द्‌वारा किया है। इसके अतिरिक्त चण्डीगढ पुलिस के **"अत्याधुनिक E-Beat Book System"** की भी शुरुआत की गई है। इसके तहत चण्डीगढ मे कुल **"<u>54 अटल सहभागिता केन्द्र</u>"** बनाए गये हैं । आज से सैक्टर 9 स्थित चण्डीगढ पुलिस मुख्यालय में **112 Common Control Room** से पहले से चालित, डायल ऩ0.100 (पुलिस), 101 (दमकल) व 108 (स्वास्थय) सेवाओं को जोड दिया गया हैं। जिसके लिए पुलिस Control Room में इन सभी HELP LINE के कर्मचारियों का अलग-अलग Desk बनाया गया है , dispatcher यहीं बैठकर अपने -अपने विभाग के call dispatchers के जरिए निकटतम उपलब्ध PCR/Ambulance/Fire

Tender को सूचित करेंगें । इस Control Room में call divert करने की सुविधा भी होगी। जब तक आम जनता इस आपातकालीन सेवा **<u>डायल 112</u>** के बारे मे पूरी तरह से जागरुक नही हो जाती तब तक पुराने आपातकालीन सेवा 100, 101, 108 भी चालू रखे जाएगें। भविष्य में अन्य सभी आपातकालीन सेवाओं जैसे कि यातायत (1073) महिला हैल्प लाईन (1091, 181) बाल हैल्प लाईन (1098), Highway patrol व आपदा प्रबन्धन सहित अन्य सेवाऔं को भी इस आपातकालीन सेवा **<u>डायल 112</u>** से जोड दिया जाएगा। आज तक आपातकाल सहायता के लिए 20 से अधिक आपात नम्बर जनता की सुविधा के लिए चल रहे थे जिसकी वजह से कई बार एसी स्थिति पैदा हो जाती थी कि यह ध्यान में ही नही रहता था कि कौन-सी सेवा के लिए कौन-सा आपात नम्बर जारी किया गया है। कई बार नम्बर व्यस्त रहने के कारण मिल नहीं पाता था। लेकिन अब यह सेवा शुरु होने से इन सभी दिक्कतों का सामना नहीं करना पडेगा। ई-बीट बुक सिस्टम के तहत हर

<u>“ई-बीट बुक”</u> के ईन्चार्ज को Android Phone दिये गये हैं, जिसके अन्दर बीट-ईन्चार्ज के पास पूरी पुलिसिंग का रिकार्ड होगा एवम् इस फोन पर एक क्लिक करते ही पूरे शहर से जुडी हर जानकारी जैसे कि बाजार, आभूषण विक्रेता , शराब के ठेके, वरिष्ठ नागरिकों की सूची, पीजी house detail, क्षेत्र के अच्छे बुरे नागरिको के बारे में

बीट ईन्चार्ज को मिल जाएगी। इस पर अपराधियों के बारे मे पूरा रिकार्ड दर्ज होगा जबकि आज से पहले यह जानकारी पुलिस कर्मचारियों को अपने आप विभिन्न पुलिस रजिस्टरों से जुटानी पडती थी। आम नागरिक Google Play Store, या Apple Store से अपने मोबाईल पर E-Saathi App Download कर सकता है, जिससे कि कोई भी नागरिक किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, नशा-बिक्री, जुआ-सट्टे बाजी आदि की जानकारी पुलिस को आसानी से दे सकेगा। इसके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक भी इस एप के माध्यम से पुलिस के सम्पर्क में रहेंगे। E-Beat में interactive feature भी होगा जिससे कि सम्बन्धित क्षेत्र के निवासी Beat In-charge से सीधा सम्पर्क करके अपने सुझाव और शिकायत दे पाएगें। इसके अतिरिक्त **<u>"ई-साथी एप"</u>** से आम जनता को अपने थाने मे ना जाकर "**आपकी पुलिस आपके द्वार "** योजना के तहत् अपने क्षेत्र के थाना-अध्यक्ष को सूचना देनी होगी कि मुझे PCC, पासपोर्ट सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, नौकर सत्यापन, चरित्र सत्यापन आदि सेवाओं की जरुरत है और उनके एक बटन दबाते ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष उनके दिए हुए समय पर बीट सिपाही भेजकर वाँछित सेवा प्रदान करेगा। इसके लिए नागरिकों को एक बटन दबाकर सम्बन्धित एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा। इस प्रोद्योगिक तकनीकी कुशलता से एक ओर जहां बीट सिपाही सशक्त

और सक्षम होगा वहीं ये CCTNS और ERSS से पूर्णत: समायोजित व अनुकूल होगा। इससे दो तरफा सूचना का संचार सरल हो सकेगा।

अटल सहभागिता केन्द्र शहर की सभी 54 Divisions में बनाए गये हैं और प्रत्येक दो बीट पर एक बीट-अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनता अपने थाने के अतिरिक्त **अटल सहभागिता केन्द्र** में जाकर सुविधानुसार पुलिस को शिकायत व सुझाव दे सकती है। अब चण्डीगढ में बीट स्टाफ की कोई भी Law and order duty नही लगाई जाएगी वो केवल अपने क्षेत्र में रहकर पुलिसिंग व घटित अपराधों की ही जांच करेंगें। इस क्रान्तिकारी तकनीकी रुप से सुदृढ योजना के द्वारा आपातकालीन प्रतिक्रिया समय में कमी आएगी। आपातकालीन सेवाओं में समय अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ क्षण ही किसी का जीवन बचा सकते है।